# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 3 जुलाई 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 डॉक्टर होते हैं भगवान के प्रतिरूप




तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री


(चिरमिरी) प्रवेश प्रारंभ (मनेन्द्रगढ़)

न्यू महाराणा I.T.I.

Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.) New Delhi (Govt. Of India)

ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर

योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन,पत्राचार, नियमित)

प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छुट

अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन

स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण

पता: प्राचार्य: झांझरिया गोदाम, बदन सिंह मोहल्ला मनेन्द्रगढ़ मो. 8982767184, 9203914561, 9425556340

पता: प्राचार्य: जगन्नाथ मंदिर के पास धरमनगरी (पोड़ी) चिरमिरी मो. 7489674543, 8435000498, 9203914561

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन

cgiti.cgstate.gov.in

बी.एम. आई.टी.आई.

- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314, 9303893829, 9300850065

अंतिम तिथि-03/07/24


## योजना का ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ

# लाखों खर्च के बाद भी कसरा की पानी टंकी बनी शोपीस

- जिले में जल जीवन मिशन का हाल बेहाल
- प्रशासन से पहल की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में जल जीवन मिशन का हाल बेहाल है। कई ग्राम पंचायतों में समय-सीमा में कार्य ही पूरे नहीं हुए हैं, इसके कारण ग्रामीण परिवारों को योजना के तहत किए गए कार्य से पेयजल नहीं मिल पा रहा है। वैसे देखने के लिए तो हर घर के सामने नल के पोस्ट लगा दिए गए हैं, जो शो पीस बना हुआ है। यही नहीं जल जीवन मिशन के तहत कई पंचायत क्षेत्रों में लाखों खर्च कर पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया गया,लेकिन उसमें पानी भरने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

वहीं पाइप लाइन विस्तार कार्य भी आधा-अधूरा जिले के कई पंचायत क्षेत्रों में हुआ है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में हर परिवार के घर के सामने जल जीवन मिशन योजना के नल के पोस्ट जरूर लगाए गए हैं, वह केवल शो पीस बनकर रह गया है। जल जीवन मिशन योजना के तहत बड़ी रकम खर्च करने के बाद भी लोगों पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है।



शो पीस बनी पानी टंकी।





क्षतिग्रस्त पाइप लाइन।

### तीन साल में बनी टंकी सूखी पड़ी

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से कुछ ही किमी की दूरी पर स्थित ग्राम कसरा में जल जीवन मिशन के तहत रेटरो फिटिंग, पाइप लाइन विस्तार एवं घरेलू कनेक्शन संबंधित कार्य 54-48 लाख रूपए स्वीकृत किए गए। इतनी रकम खर्च करने के बाद भी अब तक ग्राम कसरा में जल जीवन मिशन के कार्य पूरे नहीं हो पाए हैं, जिसके कारण ग्राम कसरा के लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

### लाखों की पानी टंकी खुद प्यासी

ग्राम कसरा में लाखों खर्च कर बनाई गई पानी टंकी खुद प्यासी है और पानी को तरस रही है, जबकि जल जीवन मिशन योजना के तहत राशि स्वीकृत की गई और इसके लिए कार्य प्रारंभ करने की तिथि 2 जून 2021 अंकित की गई है और तीन साल बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा पड़ा है। इतने समय में टंकी की प्यास भी नहीं बुझ पाई है तो लोगों की प्यास कैसे बुझेगी।

### पाइप लाइन हो गए क्षतिग्रस्त

जल जीवन मिशन योजना के तहत कराए गए कार्यों में गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्राम कसरा में इस योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पाइप की गुणवत्ता पर भी प्रश्न उठ रहे हैं। गुणवत्ता की अनदेखी न केवल ग्राम कसरा में देखने को मिलेगा, बल्कि कई अन्य पंचायत क्षेत्रों में भी देखने को मिल जाएगी। जिन जगहों पर पाइप क्षतिग्रस्त हो गए हैं, उस जगह पर नई पाइप बिछाने का कार्य भी दुबारा नहीं किया गया।

### निर्माण संबंधी बोर्ड भी अधूरा

विभिन्न योजनाओं के तहत कराए जाने वाले कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नागरिक सूचना पटल पर कार्य से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी डिस्प्ले करना जरूरी होता है, लेकिन जिले के कई पंचायतों में तो निर्माण कार्य से संबंधित सूचना बोर्ड में भी अधूरी जानकारी रहती है। ग्राम कसरा में ही जल जीवन मिशन के तहत कराए गए कार्य के लिए लगाए सूचना बोर्ड में कार्य प्रारंभ होने की तिथि तो अंकित की गई है, लेकिन कार्य पूर्ण होने की तिथि का उल्लेख नहीं किया गया है और न ही योजना हस्तांतरण का दिनांक भी नहीं लिखा गया है।

# एसईसीएल क्वार्टर में हुई चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- चरचा पुलिस ने किया खुलासा

बीते दिनों हुई चोरी के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, साथ ही उनके पास से नगदी समेत सामान को जब्त कर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बीते 28 जून को प्रार्थी संदीप कुमार पिता स्व. नारायण दास उम्र 22 वर्ष निवासी विवेकानंद कॉलोनी ने चरचा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि मेरे घर में 24 से 27 जून के मध्य घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा सोना-चांदी के जेवरात, स्कूटी और नकदी रकम चोरी कर लिया गया था। रिपोर्ट पर थाना चरचा में अपराध क्रमांक 158/2024 धारा 457 एवं 380 भादवि का अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया। विवेचना पश्चात पुलिस द्वारा चोरो की पतासाजी की जा रही थी, इसी दौरान 30 जून को मुखबीर की सूचना के आधार पर संदेही पूरन बसोर पिता मैना बसोर उम्र 32 वर्ष एवं विधि विरूद्ध बालक को घुटरी दफाई चरचा से पकड़कर उनसे पूछताछ किया गया। पूछताछ में पूरन एवं विधि विरूद्ध बालक द्वारा बताया गया कि चरचा निवासी शमसेर उर्फ गगन बसोर पिता दिलीप बसोर उम्र 19 वर्ष के साथ हम दोनों के द्वारा उक्त चोरी की गई है। जिसके पश्चात कोरिया की पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के बताए स्थान पर आरोपी शमसेर उर्फ गगन बसोर को पोड़ी जिला एमसीबी से हिरासत में लिया गया। हिरासत में लेने के पश्चात तीनों आरोपियों ने चोरी को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट बनने पर जेल दाखिल किया गया एवं विधि विरूद्ध बालक को बाल सुधार गृह अंबिकापुर भेजा गया है। पूर्व में भी आरोपी पूरन बसोर एवं विधि विरूद्ध बालक के द्वारा थाना चरचा क्षेत्र के अन्य 4-4 चोरियों को अंजाम दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## खबर संक्षेप

### पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता आज

**मनेन्द्रगढ़।** आम आदमी पार्टी के जिला सचिव विकास पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार 3 जुलाई को सुबह 11 बजे पीडब्लूडी रेस्ट हाउस मनेन्द्रगढ़ में आम आदमी पार्टी जिला इकाई एमसीबी के द्वारा प्रेसवार्ता आयोजित की जा रही है। इस वार्ता में स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा किए गए बड़े घोटाले का खुलासा किया जाएगा।

### जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** आगामी 6 जुलाई को जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन मनेन्द्रगढ़ में आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में जिला स्तरीय आयोजन होगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। आयोजन के मद्देनजर व्यापक तैयारियां आरंभ कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि बीते 26 जून से शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया है जो आगामी 10 जुलाई तक चलेगा।

### रिक्त सीट पर विद्यार्थियों को मिलेगा प्रवेश

**बैकुण्ठपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय महलपारा में शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए कक्षा तीसरी, छठवीं और सातवीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 3 से 8 जुलाई तक ऑफलाइन माध्यम से आवेदन मंगाए गए हैं। उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार शर्मा बताया कि आवेदकगण विद्यालय में कार्यालयीन समय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

### परिजन को सहायता राशि का भुगतान नहीं

**मनेन्द्रगढ़।** सर्पदंश के मामले में एक वर्ष से क्षतिपूर्ति राशि के लिए मृतक के परिजन भटक रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार हस्तिनापुर निवासी जगरनाथ सिंह की 23 जुलाई 2023 को सर्पदंश से मौत हुई थी। कोतवाली थाना क्षेत्र के हस्तिनापुर में हुई इस घटना को एक वर्ष होने को है, लेकिन अभी तक मृतक के परिजन को सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है। मृतक के परिजन ने कलेक्टर से गुहार लगाते हुए सहायता राशि दिलाए जाने की मांग की है।

### स्नातक प्रथम वर्ष के लिए प्रवेश सूची जारी

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन उच्चशिक्षा विभाग से जारी अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार इस वर्ष से स्नातक प्रथम वर्ष में राष्टीय शिक्षा नीति लागू की गई है, इसकेतहत जिले के सभी शासकीय महाविद्यालयों में बीए, बीएससी एवं बी.कॉम प्रथम वर्ष में प्रथम चरण के प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय से मेरिट सूची जारी कर दी गई है। अग्रणी, शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर के प्राचार्य डॉ.एसी गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी महाविद्यालयों में रोस्टर के अनुसार प्रवेश सूची जारी कर दी गई है। विद्यार्थी संबंधित महाविद्यालय में जाकर 5 जुलाई तक आवश्यक दस्तावेजों की जांच करवाकर प्रवेश फीस जमा कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। द्वितीय चरण के लिए 13 जुलाई तक संत गहिरागुरू विश्वविद्यालय के बेवसाइट पर प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म भरा जा सकता है।

# थानों में दी गई नए कानून की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद जिले के सभी थानों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नए कानूनों के माध्यम से नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण सुधार, साइबर अपराध, डेटा सुरक्षा और तकनीकी धोखाधड़ी जैसे नए प्रकार के अपराध के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया गया, साथ ही बताया गया कि इन नई संहिताओं को आधुनिक समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, इससे न्यायिक प्रक्रिया में स्पष्टता और निष्पक्षता आती है। यह संहिता नागरिकों को सरकारी तंत्र के किसी भी दुरुपयोग से बचाने के लिए कानूनी संरक्षण प्रदान करती है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों को बताया गया कि नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पहली बार जीरो एफआईआर की शुरूआत होगी। अपराध कहीं भी हुआ हो उसे अपने थाना क्षेत्र के बाहर भी रजिस्टर किया जा सकेगा। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रावधान शामिल किए गए हैं। इसमे मौजूदा कानूनी ढांचे को अधिक संक्षिप्त और सरल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे आम नागरिक इसे आसानी से समझ सकें। जांच प्रक्रियाओं और न्यायिक कार्रवाई में आधुनिक तकनीकी उपकरणों और डिजिटल सबूतों के उपयोग को बढ़ावा दिया गया है, साथ ही आरोपी और पीड़ि दोनों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई प्रावधान शामिल किए गए हैं।

बैकुंठपुर समेत थाना पटना, चरचा, सोनहत में थाना प्रभारियों एवं चौकी बचरापोड़ी एवं रामगढ़ में चौकी प्रभारियों ने कार्यक्रम आयोजित किया।



पुलिस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## सड़क पर लगा जाम...



**मनेन्द्रगढ़।** शहर के राम मंदिर के पास सड़क पर खड़ी गाड़ियों की वजह से जाम लगा रहा। यहां आए दिन रात्रि में वाहनों की जाम लगी रहती है, इससे आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं सड़क के दोनों ओर दुकानें संचालित है और सड़क पर ही दोनों ओर वाहनों को भी खड़ा कर देते हैं।

# टीचर ऑफ द मंथ में चार शिक्षकों का सम्मान



**बिलासपुर।** जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकार की उपस्थिति में मंगलवार को जिले के चार शिक्षकों को टीचर ऑफ दर मंथ के तहत माह जून में उत्कृष्ट एवं सराहनीय के लिए सम्मानित किया गया।

सोनहत विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला काचरडांड़ के सहायक शिक्षक श्रीमती सविता राजवाड़े को कबाड़ से जुगाड़ कर सहायक शिक्षण सामग्री तैयार एवं उपयोग करने की विधि,मौलिक कविता के माध्यम से बच्चों को सृजन कार्य में रूचि में पैदा करना, फूल-पत्ती, बीज आदि से विभिन्न कलाकृति तैयार कराने, इसी तरह शासकीय हाईस्कूल सोनहत के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती प्रियंका राजवाड़े ने समर कैम्प के दौरान बच्चों को वेस्ट सामग्री से सुंदर एवं आकर्षण क्राफ्ट बनाने, चार्ट पेपर में सुंदर व आकर्षक चित्रकारी तथा छात्र-छात्राओं को योग की उपायोगिता, गतिविधियां से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी।

वहीं बैकुंठपुर विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला जामपानी के प्रधान पाठक इंद्रपाल विश्वकर्मा द्वारा जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का गीत तैयार किया गया। पालक तथा एसएमसी की नियमित बैठक लेकर एमएससी ⏭ शेष पेज 4 पर

### एनएच 343 पर पलटा गिट्टी लोड ट्रेलर

**बलरामपुर।** एनएच 343 पर गिट्टी लोड ट्रेलर के पलटने से आवागमन प्रभावित हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रेलर क्रमांक बीआर 06 जीजी 2110 बरियों से चिप्स गिट्टी लोड कर बिहार जा रहा था।

इस दौरान भोर में एनएच 343 पर सेमरसोत हल्हा पुल के समीप चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। ट्रेलर सड़क किनारे पलटा था जिससे छोटे वाहन आसानी से निकल जा रहे थे लेकिन भारी वाहनों का आवागमन नहीं हो पा रहा था। सूचना मिलने के बाद आज हाइवे पेट्रोलिंग की ट्रेलर को सड़क से हटाने के साथ ही आवागमन बहाल किया गया।

# 6 बच्चों ने स्केटिंग में छग का किया प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कर्नाटक के बेलगाम में हुए स्केटिंग प्रतियोगिता में कोरिया जिले से 6 बच्चों ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। 100 मीटर में 75 घंटे नॉन स्टॉप स्केटिंग कर बच्चों ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए अपना नाम दर्ज करवाया है, यहां बच्चों ने यहां मेडल भी जीते हैं।

प्रतियोगिता में देशभर से 856 बच्चे शामिल हुए थे। प्रतियोगिता में जिले से आरिश गुप्ता, पीहू राजवाड़े, ईशान भगत, संकल्प बेक, अनुपम गुप्ता ने मेडल जीता है। सभी कोच अंजली सिंह के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे थे। बिना स्केटिंग ग्राउंड व समुचित सुविधाओं एवं अभाव के बावजूद कोच अंजली के प्रयास से बच्चे स्केटिंग में जिले का नाम रौशन कर रहे हैं। हालांकि जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही जिले में स्केटिंग ग्राउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर कोरिया विनय कुमार लंगेह ने कहा कि कर्नाटक के बेलगम में हुए स्केटिंग प्रतियोगिता में जिले से 6 बच्चे शामिल हुए और गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए अपना नाम दर्ज करवाया। बच्चों ने प्राइज, मेडल भी जीते, यह जिले के लिए गर्व की बात है। जिले में बहुत जल्द स्केटिंग ग्राउंड की भी मंजूरी देंगे। कोच अंजली सिंह ने कहा कि कोरिया जिले से बच्चे हर साल टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हैं। इस साल भी जिले से 6 बच्चे छग को रिप्रेजेंट करते हुए कर्नाटक के बेलगम में अपने हुनर को दिखाते हुए मेडल जीते।



स्केटिंग में शामिल बच्चे।

## राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला

# आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लखपति दीदी का मॉडल रचेगा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला पंचायत के मंथन कक्ष में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजनांतर्गत लखपति दीदी डिजिटल आजीविका रजिस्टर लोकोस एप्लीकेशन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में जिले के तीनों विकासखंडों के 125 लखपति दीदियों ने सहभागिता की। साथ में सभी ब्लॉक से विकासखंड़ परियोजना प्रबंधक बीपीएम और एरिया कोर्डिनेटर भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर बिहान से जुड़ी महिलाओं को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि पूरे कोरिया जिले में ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लखपति दीदी का मॉडल आने वाले समय में एक नया आयाम रचेगा। आप सभी की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी है कि आप अपने आस-पास रहने वाली उन आर्थिक उन्नति के लिए सक्रिय दीदियों को डिजिटल आजीविका रजिस्टर में दर्ज करें जिन्हें विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर आने वाले समय में लखपति दीदी बनाया जा सके। जिला पंचायत सीईओ श्री चतुर्वेदी ने कहा कि आपके द्वारा अपने एंड्रायड फोन के माध्यम से ही यह पूरा कार्य किया जाना है और यह काम केवल डाटा भरने तक सीमित नहीं रहेगा। आने वाले समय में आपको उन्हें संसाधनों की उपलब्धता से जोड़ना भी होगा, जिससे वह अपनी आजीविका गतिविधि को एक अच्छे आर्थिक स्तर तक ले जा सकें। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजनांतर्गत जिला पंचायत में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसका मूल उद्देश्य देश में आगामी एक वर्ष में 3 करोड़ स्व सहायता समूह सदस्यों को लखपति दीदी बनाया जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लखपति दीदी योजनांतर्गत कोरिया जिले को आगामी दो वित्तीय वर्षों में कुल 10 हजार स्व सहायता समूह से जुड़ी दीदियों को लखपति बनाया जाना है, इसके लिए संभावित लखपति दीदियों का सर्वे लोकोस एप्लीकेशन के माध्यम से करके क्वार्टरली कार्ययोजना को अपडेट करना है। जिनको जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशोक प्रदीप मिंज, आलोक कुमार एवं अन्य प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी से प्रशिक्षण में बताए गए बिंदुओं पर विस्तार से बात की और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी के माध्यम से कोरिया जिले में महिलाओं के आर्थिक उन्नति की नई राह बनेगी।



### कई अधिकारी बदले गए

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने हाल ही में कई अधिकारियों का स्थानांतरण और नवीन दायित्व सौंपे जाने का आदेश जारी किए हैं। आदेश क्रमांक बी.1.1 /2024/एक/4 दिनांक 12 मार्च 2024 के अनुसार मूलचंद चोपड़ा डिप्टी कलेक्टर जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के डिप्टी कलेक्टर दंतेवाड़ा के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसके अतिरिक्त एमई ईराकी अधीक्षक भू-अभिलेख के 30 जून को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के फलस्वरूप सेवानिवृत्त होने के कारण अन्य अधिकारियों को नए दायित्व सौंपे गए हैं। इस आदेश के तहत निम्नलिखित अधिकारियों को अस्थायी रूप से नए कार्यभार सौंपे गए हैं, इसमें प्रवीण कुमार भगत डिप्टी कलेक्टर को नवीन कार्यभार अनुविभागीय अधिकारी (रा.)भरतपुर बीएस मरकाम डिप्टी कलेक्टर को नवीन कार्यभार प्रभारी अधिकारी राजस्व एवं भू-अभिलेख सुश्री मनीषा देवांगन नजूल तहसीलदार मनेन्द्रगढ़ को नवीन कार्यभार अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा पूर्व अधीक्षक एमई ईराकी के स्थान पर कार्यभार दिया गया है। मूलचंद चोपड़ा को 1 जुलाई को अपरान्ह डिप्टी कलेक्टर दंतेवाड़ा के पद पर भारमुक्त किया गया है। पूर्व में प्रसारित सभी आदेश इस आदेश के अनुसार परिवर्तित एवं संशोधित माने जाएंगे।



# बच्चों को चकाचौंध से दूर रखना चाहते हैं आयुष्मान

**नई दिल्ली।** आयुष्मान खुराना और ताहिरा फिल्मी जगत के चर्चित चेहरे हैं, ऐसे में दोनों को फैंस का काफी प्यार भी मिलता है। आयुष्मान को अपने काम की वजह से लोगों की नजरों में रहना पसंद है। वह अक्सर सार्वजनिक जगहों पर देखे भी जाते हैं। हालांकि, वह अपने बच्चों को ऐसी सार्वजनिक उपस्थिति से दूर रखना चाहते हैं। वह अपने दोनों बच्चे विराजवीर और वरुष्का को फिल्मी दुनिया की चमक-दमक से दूर रखना चाहते हैं। इंटरव्यू के दौरान अभिनेता ने बताया कि वह फोन कर के पैपराजी को अपने बच्चों की तस्वीरें लेने के लिए नहीं बुलाते, क्योंकि उन्हें लगता है बच्चों को खुल कर जीने की आजादी होनी चाहिए।

## लाइफ Style



# तब्बू

## फोकट में करवाया 40 सितारों से डांस?

शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण की सुपरहिट फिल्म 'ओम शांति ओम' कई वजहों से फिल्म प्रेमियों के लिए बेहद खास रही है। बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई करने वाली ये फिल्म 17 साल बाद एक फिर से सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म को लेकर तब्बू ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्म में कैमियो करने वाले सभी सितारों को शाहरुख खान की तरह से महंगे उपहार मिले थे।'ओम शांति ओम' साल 2007 में रिलीज हुई थी। यह उस साल की सुपरहिट फिल्म थी। यह बॉलीवुड की एकलौती फिल्म है, जिसमें 40 से अधिक बड़े-बड़े सितारों ने कैमियो किया था। इस कैमियो में बॉलीवुड एक्ट्रेस तब्बू का भी नाम शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस गाने के लिए सभी ने अपने पर्सनल रिलेशन और समझ के साथ इस फिल्म के गाने को किया था। गाने को लिए मेकर्स ने किसी को फीस नहीं दी थी। हालांकि तब्बू ने इस बारे में कुछ नहीं कहा। फिल्म की कमाई की बात करें तो, फराह खान के निर्देशन बनी इस फिल्म को शाहरुख खान की वाइफ गौरी खान ने प्रोड्यूसर किया था। इस फिल्म के मेकर्स ने करीब 40 करोड़ रुपए के बजट में बनाया गया था, जिसने दुनिया भर में 150 करोड़ की कमाई की। साल 2007 की ये सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म थी। आपको याद दिला दें कि तब्बू यहां जिस गाने की बात कर रही हैं वह गाना है 'दीवानगी दीवानगी'। इस गाने में जूही चावला, काजोल, करिश्मा कपूर, लारा दत्ता, मलाइका अरोड़ा, मिथुन चक्रवर्ती, प्रीटी जिंटा, प्रियंका चोपड़ा, रानी मुखर्जी, रेखा, सुष्मिता सेन, रितेश देशमुख, सैफ अली खान, सलमान खान, संजय दत्त आदि ने शानदार कैमियो किया था।

## हॉलीवुड मसाला



# 'ए एंग्री बर्ड्स...' का ऐलान

**नई दिल्ली।** 'द एंग्री बर्ड्स मूवी 3' के प्रोडक्शन को शुरू करने का ऐलान हो चुका है। सीरीज की तीसरी फिल्म रेड और चक के रोमांच को जारी रखेगी। इसमें एक बार फिर जेसन सुदेइकिस रेड की आवाज बनेंगे और जोश गैड फिर चक की आवाज के रूप में वापसी करेंगे। डीएनईजी एनिमेशन इस फिल्म के लिए एनिमेशन की कमान संभालने वाला है। हालांकि, कास्टिंग से जुड़ी और खबरों की ओर भी जल्द ही घोषित की जाएंगी।'द एंग्री बर्ड्स मूवी 3' पहली दो एंग्री बर्ड्स फिल्मों की सफलता के बाद आ रही है।



# एमसीयू के बाद अब डीसीयू से जुड़ेंगे क्रिस

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता क्रिस प्रैट मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में काम करने के बाद अब डीसी स्टूडियो के साथ काम करने को तैयार हैं। हाल ही में, 'सुपरमैनः लिगेसी' के सेट पर उनकी मुलाकात जेम्स गन के साथ हुई। इस मुलाकात को लेकर जब क्रिस से पूछा गया कि वो कौन सा किरदार निभाना पसंद करेंगे तो इस पर उन्होंने कुछ भी साफ-साफ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि वो इसे तय करने का काम जेम्स और प्रशंसकों पर छोड़ रहे हैं। बता दें कि दोनों ने आखिरी बार साल 2023 में साथ में काम किया था। डीसी स्टूडियो में शामिल होने के सवाल पर क्रिस प्रैट ने बेझिझक हां में अपना जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर काम उनके शेड्यूल के हिसाब से ठीक रहा तो यह उनके लिए सही होगा। क्रिस ने कहा कि उन्हें स्टार-लॉर्ड का रोल करना पसंद हैं।



# कैंसर पीड़ितों को नहीं डरना चाहिए...

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री हिना खान तीसरी स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। उन्होंने जिस दिन इस बात का खुलासा किया था, तभी से उनके चाहने वाले उनके स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। इसी बीच, अब हिना खान ने कैंसर से जंग लड़ रहे लोगों के लिए एक खास संदेश साझा किया है। साथ ही इस बात की भी उम्मीद जताई है कि उनकी यह यात्रा लोगों को प्रेरणा देने का काम कर सकती है। हिना खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट साझा किया है। इसमें उन्होंने अपनी कैंसर से लड़ने की यात्रा को लेकर लिखा कि यह उन सभी साहसी महिलाओं और पुरुषों के लिए है, जो कैंसर की मुश्किल लड़ाई लड़ रहे हैं। मैं चाहती हूं कि मेरी यात्रा इतनी साहसी और प्रेरक हो कि लोग अपनी कहानियों में एक नया पन्ना खोल सकें।




# 'द बकिंघम...' 13 सितंबर को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** हंसल मेहता के निर्देशन में बनी करीना कपूर की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' को रिलीज डेट मिल गई है। बालाजी मोशन पिक्चर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है। इसके साथ लिखा है, 'हम 'द बकिंघम मर्डर्स'की रिलीज डेट का एलान करते हुए रोमांचित महसूस कर रहे हैं। यह फिल्म 13 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी'। इसके साथ फिल्म से करीना कपूर का पोस्टर भी साझा किया है। 'द बकिंघम मर्डर्स' का बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल 2023 में प्रीमियर हुआ था, जिसक खूब तारीफ हुई। इसके अलावा मुंबई फिल्म फेस्टिवल 2023 में भी इस फिल्म की स्क्रीनिंग हुई थी। इस फिल्म में करीना कपूर एक जासूस महिला का किरदार निभा रही हैं, जिसका नाम जस भामरा है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस से पायल के बाहर होने पर पति अरमान खुश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत हुए पूरे एक हफ्ते हो चुके हैं। इस एक हफ्ते में दर्शकों को काफी ड्रामा देखने को मिला। रविवार की रात पायल मलिक को बिग बॉस के घर से बाहर होना पड़ा। बिग बॉस के सभी प्रतिभागी पहले दिन से ही इस शो में अपने पैर जमाने के लिए जद्दोजहद करते हुए दिख रहे हैं। पायल मलिक के घर से बाहर होने के बाद उनके पति अरमान के रिएक्शन ने सभी को चौंका दिया है। बिग बॉस ओटीटी 3 के घर से बाहर होने वाली दूसरी प्रतिभागी पायल मलिक हैं। उनका निष्कासन हुआ। पायल का घर से जाना बाकी प्रतिभागियों के लिए बेहद चौंकाने वाला था। पायल के घर से बेदखल होने के बाद कृतिका पूरी तरह से टूटी हुई नजर आईं। वह फूट-फूट कर रोने लगीं। उन्हें संभालने के लिए अरमान उनके पास आएं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान अरमान ने कहा कि उन्हें खुशी है कि पायल शो से चली गईं। अरमान ने कहा कि वह चाहते थे कि वह शो में बनी रहें और लड़ें, लेकिन अब जब वह चली गई हैं, तो वह भी इस बात से खुश हैं। मालूम हो की पायल मलिक अरमान की पहली पत्नी हैं। बाद में अरमान ने उनकी दोस्त कृतिका से शादी कर ली।

## घर से बेघर होते ही नीरज गोयत ने इन प्रतियोगियों पर भी साधा निशाना

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत से ही हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है, जिससे दर्शकों का काफी मनोरंजन हो रहा है। शो के



पहले हफ्ते में ही मिड वीक एविक्शन हुआ, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। जनता के कम वोटों के कारण बॉक्सर नीरज गोयत घर से बेघर हो गए। वहीं, अब नीरज ने बाहर आते ही सभी प्रतियोगियों की पोल-पट्टी खोल दी है। बॉक्सर ने हर किसी की गेम का खुलासा कर प्रशंसकों का खासा ध्यान आकर्षित किया है। नीरज ने मिड वीक में ही अपने एविक्शन पर बात करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि मुझे अच्छा खेलने का मौका नहीं दिया गया। मेरा एविक्शन कोई पचा नहीं सकता। बाहर आकर मैंने लोगों की प्रतिक्रियाएं देखीं। वे मुझे उस घर में और देखना चाहते थे। मुझे नहीं लगता कि मेरे वोट कम थे।'

# धमाकेदार हैं कालीन भैया के ये डायलॉग सोशल मीडिया पर खूब हुए वायरल

**नई दिल्ली।** मशहूर सीरीज 'मिर्जापुर 3' 5 जुलाई को रिलीज होने वाली है। जैसे-जैसे इसके रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है प्रशंसकों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है। सीरीज के पहले और दूसरे सीजन ने भौकाल काट दिया था। तीसरे सीजन को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें भी हैं। इसके पहले दो सीजन में कई सारे संवाद ऐसे थे जो लोगों की जुबान पर आ गए। इन डायलॉग्स के सोशल मीडिया पर खूब मीम्स भी बनें। पहले और दूसरे सीजन में सबसे ज्यादा वायरल, जबरदस्त और प्रभावशाली संवादों में पंकज त्रिपाठी (कालीन भैया) का डायलॉग रहा है। मिर्जापुर के सीजन 2 से कालीन भैया का डायलॉग 'जो आया है, वो जाएगा भी बस मर्जी हमारी होगी' ने प्रशंसकों को काफी प्रभावित किया। इस संवाद में लोगों को कालीन भैया की शक्ति और आत्मविश्वास की झलक मिली। इसके दूसरे सीजन से ही कालीन भैया का एक और संवाद काफी मशहूर हुआ, जिसमें वह 'गद्दी पर चाहे हम बैठें या मुन्ना, नियम सेम होंगे' कह रहे हैं। इस डायलॉग को भी काफी पसंद किया गया। लोगों ने इससे जुड़े खूब मीम्स बनाएं।




# ब्लॉकबस्टर फिल्म '36 घंटे' की है गोल्डन जुबली

## राज कुमार-माला सिन्हा की अद्भुत थ्रिलर सस्पेंस कहानी

**नई दिल्ली।** 1974 में बनी राज तिलक द्वारा निर्देशित हिंदी फिल्म '36 घंटे' की 1 जुलाई सोमवार को गोल्डन जुबली थी। यह एक थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर फिल्म थी। आइए जानते हैं 50 साल पुरानी ब्लॉकबस्टर फिल्म की कहानी। '36 घंटे' को आज रिलीज हुए पूरे 50 साल हो गए हैं। इस फिल्म में राज कुमार, माला सिन्हा, सुनील दत्त, विजय अरोड़ा, परवीन बॉबी, रंजीत, डैनी डेन्जोंगपा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह 1955 की अमेरिकी फिल्म 'द डेस्पेरेट ऑवर्स' का रीमेक है, जिसे जोसेफ हेस के 1954 के उपन्यास से रूपांतरित किया गया था।




जेल में बंद तीन अपराधी हिम्मत सिंह (सुनील दत्त), उसका भाई अजीत सिंह (रणजीत) और दिलावर खान (डैनी डेन्जोंगपा) जेल से भागकर संपादक अशोक राय (राज कुमार) के घर पर कब्जा कर लेते हैं। भागने वाले अपराधी अशोक राय, उनकी पत्नी दीपा राय (माला सिन्हा), बेटे राजू और बेटी नैना (परवीन बॉबी) को बंधक बना लेते हैं। अपराधी तब तक परिवार को बंधक बनाए रखने की योजना बनाते हैं, जब तक कि उनकी सहयोगी कामिनी (सोनिया साहनी) उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क नहीं करती।

### बॉक्स ऑफिस पर की जमकर कमाई

फिल्म में कई अभिनेताओं ने काम किया है। फिल्म '36 घंटे' उस समय की ब्लॉकबस्टर फिल्मों से एक है। फिल्म ने बॉक्सऑफिस पर खूब जमकर कमाई की थी। इस फिल्म में कई अभिनेताओं ने एक साथ काम किया था। ये ऐसे तीन भाइयों की कहानी है, जो अपराधी होते हैं। फिल्म में हिम्मत सिंह का किरदार सुनील दत्त ने निभाया है, जो कि एक अपराधी है। इसमें हिम्मत का भाई अजीत सिंह भी अपराधी होता है, इसका किरदार अभिनेता रणजीत ने निभाया है। इन दोनों का एक और भाई है, जिसका नाम दिलावर खान है, जिसका किरदार डैनी डेन्जोंगपा ने निभाया है।

## 'हिचकी' टॉरेट सिंड्रोम से जूझ रही ऐसी लड़की की कहानी है जो शिक्षक बनना चाहती है

# शिक्षा व्यवस्था पर बनीं फिल्में, असमानता और भेदभाव जैसे मुद्दों पर की चोट

*मुंबई। सिनेमा जगत में शिक्षा व्यवस्था पर बहुत कम फिल्में बनती हैं। अधिकतर फिल्मों में स्कूल का दृश्य तभी देखने को मिलता है, जब दर्शकों को मुख्य किरदार के बचपन की कहानी की थोड़ी-बहुत झलक दिखानी होती है। इस विषय के सूखे के बावजूद कुछ फिल्में ऐसी आ चुकी हैं, जिनमें अलग-अलग ढंग से अहम मुद्दों को दिखाने की कोशिश की गई है। 'चॉक एन डस्टर', 'हिचकी', 'स्टेनली का डब्बा' और 'हिंदी मीडियम' ऐसी फिल्में हैं, जिनमें शिक्षा व्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों पर बात की गई है। इनमें भेदभाव, असमानता, स्कूल में समावेशिता की जरुरत और शिक्षण में आने वाली चुनौतियों को दिखाया गया हैं।*

### स्टेनली का डब्बा

'स्टेनली का डब्बा' साल 2011 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन अमोल गुप्ते ने किया है। फिल्म की कहानी एक स्कूल के लड़के के इर्द गिर्द चलती है, जो लंच बॉक्स लेकर नहीं जाता है। फिल्म स्कूल के बच्चों के साथ सामाजिक और आर्थिक स्तर पर हो रहे भेदभाव पर रोशनी डालती है।





### हिचकी

'हिचकी' फिल्म में एक ऐसी लड़की की कहानी देखने को मिलती है, जो टॉरेट सिंड्रोम से जूझ रही होती है और एक शिक्षक बनना चाहती है। 'हिचकी' फिल्म पढ़ाने में आने वाली चुनौतियों और शिक्षा व्यवस्था में समावेशिता पर बात करती है। इसका निर्देशन सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने किया है। फिल्म में रानी मुखर्जी ने मुख्य किरदार अदा किया है।




### चॉक एन डस्टर

'चॉक एन डस्टर' को साल 2016 में रिलीज किया गया था। इसमें भारतीय शिक्षा व्यवस्था में काम करने वाले शिक्षक के संघर्ष को दिखाया गया है। फिल्म शिक्षा के व्यवसायीकरण और शिक्षकों पर पड़ने वाले दबाव पर भी बात करती है। इसका निर्देशन जयंत गिलातर ने किया है। फिल्म में जूही चावला ने मुख्य भूमिका अदा की थी।

### हिंदी मीडियम

दिवंगत अभिनेता इरफान खान की फिल्म 'हिंदी मीडियम' में एक ऐसे पति-पत्नी की कहानी दिखाई गई है, जो मध्यम वर्ग से आते हैं और अपनी बेटी का दाखिला अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में कराना चाहते हैं। यह फिल्म समाज का अंग्रेजी मीडियम स्कूलों के प्रति आकर्षण और भारतीय शिक्षा व्यवस्था में असमानता के मुद्दे पर बात करती है। इसका निर्देशन साकेत चौधरी ने किया है। फिल्म में इरफान खान के साथ-साथ सबा कमर, दीपक डोबरियाल और नेहा धूपिया समेत कई कलाकारों ने काम किया है।



